# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2317 / M-98 / 89 दिनांक 15/7/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 14.07.2026 को प्रकाशित खबर "बस्तौली में जल जीवन मिशन बना मुसीबत:बारिश में कीचड़—गड्ढों से हादसों का खतरा, ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,


उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 14.07.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड—बिजुआ ग्राम पंचायत "बस्तौली में जल जीवन मिशन बना मुसीबत:बारिश में कीचड़—गड्ढों से हादसों का खतरा, ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप—942 नग, पम्प हाउस —942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय—922 नग, गृह जल संयोजन—564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप—939 नग, पम्पहाउस—869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय—484 नग, गृह जल संयोजन—535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1125 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड—बिजुआ की ग्राम पंचायत बस्तौली पाइप पेयजल योजना में बारिश में कीचड़—गड्ढों से हादसों का खतरा, ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग की खबर प्रकाशित हुई। बस्तौली पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स एन0सी0सी लि0 द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री धनंजय सिंह द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत बस्तौली में उक्त शिकायत से सम्बन्धित सड़क का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि पूर्व में एंजेन्सी द्वारा सड़क को मोटरेबल किया गया था परन्तु कुछ स्थानों पर बी०ओ०ई० सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है।

कार्यदायी संस्था मैसर्स एन0सी0सी लि0 को री–स्टेटमेंट के कार्य को कराये जाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है जिसे 1 सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ।

(फोटोग्राफ्स)







भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. मै०एन०सी०सी०लि० को उक्त सड़क मरम्मत का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करवाकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

g:\rahul\igrs\anand\paper_cutting\dainik_bhaskar_15.07.2026.docx